## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–11.07.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. जमीन घोटाला मामले में ईडी की टीम ने रांची के कांके अंचल कार्यालय में की छापेमारी, सीओ और सीआई के फोन, डायरी समेत कई दस्तावेज जब्त।
2. दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंची भारतीय निर्वाचन आयोग की टीम ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की ली जानकारी, आज सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक।
3. नीट पेपर लीक मामले में केन्द्र और एनटीए ने सर्वोच्च न्यायालय में दायर किया हलफनामा, शीर्ष अदालत में आज होगी सुनवाई।
4. मौसम विभाग ने रांची, देवघर धनबाद समेत राज्य के कई जिलों में तीन दिनों तक भारी बारिश की जारी की चेतावनी, सरायकेला में वज्रपात से तीन की मौत।
5. देवघर में आयोजित 14वीं स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में रांची के निशांत को एक और उन्नति को मिले तीन गोल्ड मेडल।

******************

जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय, ईडी की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने कल रांची के कांके अंचल कार्यालय में दबिश दी। इस दौरान ईडी के अधिकारियों ने अंचलाधिकारी और अंचल निरीक्षक का मोबाइल फोन जब्त कर लिया। केन्द्रीय जांच एजेंसी को अंचल कार्यालय से एक डायरी और कई दस्तावेज भी मिले हैं। सूत्रों के अनुसार मोबाइल और डायरी में पैसों के लेन–देन की कई अहम जानकारियां जांच एजेंसी को मिली है।

******************

राज्य में चुनाव तैयारियों की समीक्षा के लिए वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त नितेश व्यास और धर्मेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में चुनाव आयोग की टीम झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर कल शाम रांची पहुंची है। पहले दिन टीम ने पतरातू में राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक की और मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी ली। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने टीम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया। रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि आयोग की टीम आज सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ चुनाव तैयारियों की समीक्षा करेगी।

******************

राज्यवासियों को इसी महीने से 200 यूनिट मुफ्त बिजली का लाभ मिलने लगेगा। इस सिलसिले में ऊर्जा विभाग ने संकल्प जारी कर दिया है। संकल्प के अनुसार राज्य के वैसे सभी उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिलेगा जो 200 यूनिट तक बिजली खपत करते हैं। राज्य में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 45 लाख से अधिक है। इनमें 41 लाख से ज्यादा उपभोक्ता 200 यूनिट मुफ्त बिजली के दायरे में आयेंगे।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्कूल, कॉलेज और उच्च संस्थानों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को समय पर छात्रवृति नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कल्याण मंत्री दीपक बिरुआ को इस मामले को गंभीरता से लेने का निर्देश दिया है। इसके बाद मंत्री श्री बिरुआ ने सरायकेला के कल्याण पदाधिकारी से जवाब–तलब किया है। पूरे मामले की निगरानी आदिवासी कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा को सौंपी गयी है।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। बोकारो जिले के चास में बूथ अध्यक्ष सह संकल्प सभा को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि सरकार ने रोजगार के मोर्चे पर राज्य के युवाओं के साथ न्याय नहीं किया।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे। वे आगामी केंद्रीय बजट के लिए उनके विचार और सुझाव लेंगे। इस बैठक में अर्थशास्त्रियों के अलावा

विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भागीदारी करेंगे। इस बैठक में नीति आयोग के उपाध्ययक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख को शुरू होगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024–25 पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा।

******************

जामताड़ा जिले में अब जन्म–मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र सहज ढंग से निर्गत किया जा सकेगा।

******************

नीट यूजी में कथित पेपर लीक मामले में दायर याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में आज भी सुनवाई होगी। इससे पहले कल केन्द्र और एनटीए की ओर से अलग–अलग हलफनामा शीर्ष अदालत में दायर किया गया। हलफनामे में कहा गया है कि नीट–यूजी परीक्षा में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी नहीं हुई है। केन्द्र की ओर से कहा गया है कि वह नीट परीक्षा फिर से कराने के पक्ष में नहीं है।

******************

वर्ष 2016 में झारखंड स्थापना दिवस पर कथित टी शर्ट और टॉफी घोटाला मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने एसीबी से प्रारंभिक जांच रिपोर्ट और महालेखाकार से ऑडिट रिपोर्ट मांगी है। इस मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधी□ा बीआर सारंगी और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने दो सप्ताह में रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया।

******************

राज्य में करीब एक हफ्ते बाद मानसून फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक रांची, देवघर और धनबाद समेत राज्य के अधिकत्तर हिस्सों में अच्छी बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद ने वज्रपात को लेकर लोगों से सतर्क रहने की अपील की है।

******************

उधर, सरायकेला–खरसांवा जिले के चांडिल थाना क्षेत्र के भादोडीह में कल वज्रपात की चपेट में आने से मां–बेटी समेत तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन लोग बुरी तरह से झुलस गये हैं। सभी को जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

******************

देवघर में आयोजित 14वीं स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में रांची के निशांत सिंह ने एक स्वर्ण पदक हासिल किया है जबकि चान्हो की रहने वाली उन्नति बाधवार ने अलग–अलग वर्ग में तीन गोल्ड मेडल प्राप्त किया। चैंपियनशिप के 50 मीटर प्रोन इंडिविजुअल इवेंट में निशांत सिंह ने अव्वल रहते हुए गोल्ड हासिल किया जबकि उन्नति ने 10 मीटर ओपेन साइट एयर राइफल की तीनो श्रेणियों में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने कांके अंचल कार्यालय में ईडी की कार्रवाई की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– कांके अंचल ऑफिस में ईडी का छापा, सीओ–सीआई के फोन और डायरी जब्त।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– मुस्लिम औरतों को गुजारा भत्ते का हक।

प्रभात खबर के शब्द हैं– कांके सीओ–सीआई के मोबाइल से पैसों के लेन–देन का हिसाब मिला।

दैनिक जागरण लिखता है– सीओ और सीआइ के मोबाइल में मिले लेने–देन के साक्ष्य, ईडी ने किया जब्त, होगी पूछताछ।

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिन्दुस्तान टाइम्स ने उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में हुई भीषण सड़क दुर्घटना में 18 लोगों की मौत की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

*********************